वर्ष 28 अंक 305
पृष्ठ 20+6=26
बरेली, रविवार
16 जुलाई 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
दैनिक जागरण

PAGE NO 11 : RIGHT MIDDLE

मार्कशीट व माइग्रेशन के लिए ऑनलाइन करें आवेदन : एकेटीयू

जासं, नोएडा : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) से संबद्ध कॉलेजों के छात्रों को अब डिग्री, मार्कशीट, माइग्रेशन, ट्रांसक्रिप्ट और पीडीसी जैसे दस्तावेजों के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। विश्वविद्यालय ने अधिसूचना जारी की है कि जिन छात्रों को दस्तावेज की जरूरत है वे यूनिवर्सिटी की वेबसाइट या मोबाइल एप पर जाकर स्टूडेंट्स सर्विसेज के लिंक के माध्यम से इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद वे इसका प्रिंट आउट भी ले सकते हैं। प्रिंट आउट की वैधता मूल दस्तावेज जैसी ही होगी। एकेटीयू ने रिजल्ट अपडेशन को लेकर भी दिशा-निर्देश जारी किया है। कहा है कि किसी छात्र को रिजल्ट अपडेट कराना है तो वह सोमवार से बृहस्पतिवार तक इसके लिए आवेदन कर सकता है।